हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

अपना हापुड़

एक हजार करोड़ से तैयार हो जाएगा गढ़-मेरठ हाईवे

उम्मीदें 2023

1 हजार करोड़ से हो रहा है निर्माण

एनएचआई के मुताबकि पीपी मिक्सिड अप्रच पे बनाया जि गढ़ से मेरठ तक फोरलेन हाईवे 1 हजार करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। दिसंबर दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। 2023 में गढ़ से मेरठ के बीच लगभग सुहावत डी जाएगा।1.2 घंटे का सफर 40 मिनट का रह जाएगा।



दिल्ली-लखनऊ हाईवे से जोड़ा जाएगा

गढ़-मेरठ हाईवे को दिल्ली रोड के उत्तम से जोड़ा और रेलवे लाइन को पार करते हुए दिल्ली-लखनऊ हाईवे 9 से जोड़ा जाएगा। जिसके लिए बदरखा मोड़ के पास एक्सप्रेस वे और रोड एक बनाया जाएगा। मेरठ से मुरादाबाद और लखनऊ को जाने वाले वाहन गढ़ शहर में न जाकर सीधे हाईवे से निकल जाएंगे। जिससे लगभग जाम से लोगों को मिलेगी।

जिले में हो गए 5 हाईवे

यूपी के सबसे छोटे जिले में आने वाले हापुड़ में अभी दो एक्सप्रेस वे है (गढ़मेरठ एक्सप्रेस वे और दिल्ली लखनऊ और दो टोल प्लाजा बनने की सम्भावना है। साथ ही एक्सप्रेस वे पर बनने वाले है। दूसरा मिलाकर दिल्ली-मेरठ, गढ़ एक्सप्रेस वे तथा दिल्ली लखनऊ और मेरठ-बदायूं हाईवे के अलावा गढ़-मेरठ हाईवे की लंबाई जिले को मिल

बोले



जिलाधि



हिन्दुस्तान

पर्यटन के रूप में विकसित होगी गंगा नगरी, निवेश कर सकेंगे कारोबारी

हापुड़, संवाददाता। हरिद्वार की तर्ज पर ब्रजघाट तीर्थ नगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मंगलवार को पर्यटन विभाग लखनऊ की टीम हापुड़ पहुंची। डीएम मेधा रूपम, सीडीओ देवेन्द्र सिंह के साथ पर्यटन विशेषज्ञ लखनऊ टीम के सिद्धार्थ ने कलक्ट्रेट सभागार में जनपद के उद्यमियों को पर्यटन नगरी में निवेश के लिए प्रेरित किया। इस दौरान निवेश की 33 श्रेणियों के बारे में जानकारी दी। निवेश के साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी की भी जानकारी दी गई।

पर्यटन विभाग के विशेषज्ञ सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप औद्योगिक इंवेस्टर्स समिट-2023 में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने लक्ष्य है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के चार लोकेशन को पर्यटन और धार्मिक स्थलों के रूप में विकसित करने के मेरठ उठाया है। इसमें हापुड़ जनपद की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर पुंजलखण्ड, नैमिषारण्य, कपिलवस्तु शामिल है। उन्होंने जनपद के व्यापारियों व इंवेस्टर्स से गढ़मुक्तेश्वर में निवेश करने का आह्वान किया।



उद्यमियों ने बताया कि पर्यटन में निवेश के लिए 33 श्रेणियां हैं। जिनपर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाएगी। इनमें से प्रथम श्रेणी होटल, ई-फो टूरिज्म, बेड होम रिजोर्ट, थीम पार्क, मेगा प्रोजेक्ट, एम्यूजिमेंट, मोशन थियेटर्स, फ्लिकर म्यूजियम, वैलनी, हैरीटेज होम, थीम होटल, ट्री हाउस, फ्लोटेज थियेटर, ड्राम, गोल्फ कोर्स, लाईट और साउंड शो, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट आदि का फॉ-सेट है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिकता में गढ़मुक्तेश्वर शामिल इसे पर्यटन स्थल और टूरिज्म के रूप विकसित करने के लिए चहारदा लाइटिंग थीम, थीमिंग, पार्किंग आदि के लिए स्थान, आवश्यकतानुसार सुविधा से लैस घाट निर्माण का डिजाइन, रे हाउस, होटल और प्राथमिक इलाज बनाने की कार्यवाह शुरू हो गई है। लिंग तीर्थ नगरी में होटल व हैरीटेज हो डाला, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में स्थान उद्यमियों का सहयोग जरूरी है। उन्हों उद्यमियों से तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर निवेश की अपील की।

अमर उजाला | अमरोहा | amarujala.com

18 करोड़ से संवरेंगे तिगरी में गंगा के घाट

शनिवार को पर्यटन विभाग के उपनिदेशक ने घाट का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

गजरौला। तिगरी में 18 करोड़ रुपये से स्नान घाट बनाए जाएंगे। पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं, तिगरी से हाईवे तक बनी कांकोठेर से होकर गुजर रही सड़क चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का काम किया जाएगा। जिस पर 19 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शनिवार को पर्यटन विभाग के उपनिदेशक बोपी सिंह ने भाजपा विधायक राजीव तरारा संग स्नान घाट का निरीक्षण कर जानकारी ली कि कहां पर घाट बनाए जाएंगे।

शनिवार को उपनिदेशक बरेली बोपी सिंह, विधायक राजीव तरारा, लोक निर्माण विभाग के एई, कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को साथ लेकर तिगरी में गंगा तट पर पहुंचे। उन्होंने गंगा स्नान घाट का निरीक्षण कर देखा कहां पर पक्के घाट बनाए



तिगरी में गंगा घाट का पर्यटन अधिकारी, विधायक व अन्य। फोटो: स्वयं

जाएंगे। जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। घाट की चौड़ाई क्या रहेगी। वह कितने लंबे होंगे। आरती स्थल कहां पर बनाया जाएगा, जो लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करे।

उपनिदेशक पर्यटन ने बताया कि स्थानीय विधायक के प्रयास से पर्यटन विभाग को तिगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 18 करोड़ रुपये मिले हैं। विधायक ने पर्यटन मंत्री से कई बार अनुरोध किया था। वहीं, लोक निर्माण विभाग को 19 करोड़ रुपये मिले हैं। जिससे तिगरी से हाईवे तक कांकोठेर सड़क चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का काम किया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण से कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले तिगरी गंगा मेले के श्रद्धालुओं को खासा फायदा होगा। मेला समाप्त होने पर श्रद्धालुओं के वाहन निकलते समय जाम नहीं लगेगा। तिगरी पर्यटन के नक्शे पर चमकेगी तो लोगों को आने जाने के लिए चौड़ा रास्ता चाहिए।

मंडी धनौरा के शिव मंदिर पत्थरकुटी का एक करोड़ से होगा विकास

मंडी धनौरा। प्रसिद्ध शिव मंदिर पत्थरकुटी का एक करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा विकास कराया जाएगा। शुक्रवार को शाम को भाजपा विधायक व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बोपी सिंह के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। बोपी सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में एक हॉल, मुख्य द्वार, मंदिर तक जाने के लिए छह मीटर चौड़ी सड़क, पुटपाथ, 10 शौचालय, बॉथ चाथकम, आरओ वाटर प्यूरिफा, कैटने के लिए बेंच, पार्की शेड, सोलर लाइट व रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि लगाया जाएगा। कार्यदायी संस्था के स्थानिक अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि सोमवार से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम चंद्रकांता, तहसीलदार पीएन श्रीवास्तव, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष तेजपाल सिंह, कमल अग्रवाल, कपिल अग्रवाल आदि मौजूद थे। संवाद

रोडवेज से हरिद्व

सोमवार से कांव

संवाद न्यूज एजेंसी

अमरोहा। जिले के शि अपने जत्थे के साथ शनि कांवड़ लेने हरिद्वार के लि हुए। जिले भाटों के गोरक्षक बसों से हरिद्वार रवाना हो रहे हैं। डीजे की नाचते हुए भी भोले के भक्त गए हैं। परिजनों ने पूजा अ बाद तिलक लगाकर उन्हें भोला।

रोडवेज से कांवड़ियों के का विशेषरूप शुरू हो सुरक्षा के लिहाज से पु रवाना किए गए हैं। बि पर भीट को दुकानें बंद क है। वहीं शहर के पलाश साथ पीस कमेटी की बै लोहारी को भाईचारे के स को आयोजन की है।

अमरोहा के आलवा के पांचों के कस्बों से भी

कांवड़ियों के मार्ग

गजरौला। कांवड़ियों के पर पहियोंवाले लगेरी आदमी सेवा जत्था लेकर दौरा रहे थे। हापुड़ में बस

नेपाल के थापा ने रचा इतिहास, भारत के हरीश को हराया

कुरु फतेहगढ़। खेल के नवाचा खंड में चल रहे राष्ट्रीय एकता दंगल में शनिवार को आसपास के साथ ही दूसरे प्रदेश के पहलवानों ने प्रतिभा

सीतापुर के शाहिल और चंदौसी के मुजफ्फर पहलवान के बीच हुई। जिसमें शाहिल ने मुजफ्फर पहलवान को हरा दिया। दूसरी

पहलवान को हरा दिया। चौथी कुश्ती राजस्थान के जालवाद और अयोध्या के रविशंकर पहलवान के बीच हुई। दोनों के बीच काफी का

कामाख्या व दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस का संचालन शुरू

बंदौसी। कोहरे व धुंध के कारण बंद हुई कामाख्या एक्सप्रेस व दिल्ली बरेली एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया है। ट्रेनों के शुरू हो जाने से स्थानीय लोगों के अलावा अस्पताल के क्षेत्र से रेलयात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा। कोहरे के चलते 15621 कामाख्या अगरतला विक्रांत एक्सप्रेस

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा गढ़

तुलसी संवाद ● गढ़

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गढ़मुक्तेश्वर (ब्रजघाट) अब बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले से ही गढ़ के ब्रजघाट का विकास हस्तिनापुर की तर्ज पर जारी है। ऐसे में यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की टिक्कियां न हो। इसके लिए बड़े रूप से निवेश का खाका तैयार किया गया है। इसका जिम्मा स्वर्ण ग्रीन मैथा रूपम ने उठाया है। जिसके बाद गढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अब तक 267 करोड़ के प्रस्ताव प्रशासन को मिले हैं। इसके साथ ही अन्य उद्यमियों के साथ बैठक कर उन्हें भी पूरे सहयोग का आश्वासन प्रशासन ने दिया है।

गढ़ में विकास के पहिये को आगे बढ़ाने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के अधिकारियों को सौंप दिया है। इसके लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को भी लगाया गया है। जो अब उद्यमियों को गढ़ में निवेश के लिए आकर्षित कर रहे हैं। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से बैठकें शुरू कर दी गई हैं। रीएम मैथा रूपम ने बताया कि पर्यटन में निवेश की 33 श्रेणियां हैं। जिन पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। कोई भी उद्यमी इन श्रेणियों में निवेश करता है तो प्रशासन उद्योग लगाने में साथ देगा। इस श्रेणी में होटल, ई-को टूरिज्म, स्टे होम रिजॉर्ट, थीम पार्क, योगा प्रोजेक्ट, एडवेंचर्स, एजुकेशनल, योगा सेंटर्स, पब्लिक म्यूजियम, गैलरी, हेरिटेज होम, पाम स्टे, ट्री हाउस, वेलनेस सेंटर, ढाबा, गोल्फ कोर्स, लाइट और साउंड शो, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को शामिल किया गया है।



ब्रजघाट का पोटो ● सलमान अलीदर

यह होंगे आकर्षण का केंद्र

- वाटरलू तालाब
- वर्ल्ड क्लासमेंटी पार्क
- वॉटिंग
- स्नोलिंग वॉल

यह हो रहे काम

- नवीन घाट का निर्माण
- बेनी घाटों को जोड़ने के लिए दो हैंगिंग ब्रिज
- वर्तमान पार्किंग स्थल की क्षमता में वृद्धि
- घाट के सुंदरीकरण के लिए नवीन तकनीकी तालाबों की व्यवस्था
- यात्रियों की सुरक्षा के लिए वाच टावर
- नए वस्त्र परिवर्तन कक्ष
- बैन्चों और पैदल के लिए वेद
- श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लेजरी की व्यवस्था

पर्यटन उद्योग का दर्जा

गढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने नया कदम उठाया है। पर्यटन के क्षेत्र में जो भी बड़े योजनाएं यहां आएंगी। उन्हें उद्योग का दर्जा दिया जाएगा। ऐसे में इन उद्योगों को 30 प्रतिशत तक की सब्सिडी मिलेगी।

दूसरे जिलों से आ रहे उद्यमी

मेरठ के प्रापर्टी ग्रुप ने 100 करोड़ का प्रस्ताव दिया है। जिसमें यह होटल एंड रेजॉर्ट बनाएंगे। हालांकि, इसके लिए कंपनी की ओर से घर से पास एकड़ जमीन की मांग की गई है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया है।

इन्होंने दिए प्रस्ताव	
एसएस होटल एंड रीजॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड	125 करोड़
एसएसमी प्राइवेट लिमिटेड	100 करोड़
राज योगा एंड रिसर्च सेंटर	10 करोड़
आर्यन मिडल इस्ट रियॉर्ट एंड विलेज टूरिज्म क्षेत्र	32 करोड़



गढ़ का विकास कराने के लिए उद्यमियों के साथ बैठक की गई है। उद्योगों की जो श्रेणियां तय की गई हैं, उनमें सब्सिडी दी जा रही है। पर्यटन स्थल के रूप में गढ़ का विकास हो रहा है।

मेधा रूपम, जिलाधिकारी

गजरौला महायोजना में शामिल होंगे 22 गांव

तिगरी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाएंगी धर्मशालाएं

संवाद न्यूज रूमेसी

गजरौला। गजरौला का मास्टर प्लान चंद दिनों में लागू हो सकता है। तिगरी व गढ़मुक्तेश्वर तक प्राधिकरण का विस्तार किया जाएगा। इसके 22 राजस्व ग्राम मास्टर प्लान में शामिल होंगे। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तिगरी में धर्मशालाएं बनाई जाएंगी।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सीमी तौलेष कुमार ने सर्किट हाउस पीडब्ल्यूडी कॉम्प्लेक्स के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने मास्टर प्लान-2031 को प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री को बताया कि 1995 में विनियमित क्षेत्र घोषित करने के दो साल बाद वर्ष-1997 में गजरौला को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में शामिल किया गया। मास्टर प्लान वर्ष-2031 को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। जिसमें गजरौला क्षेत्र के आस पास के 22 राजस्व गांव आ रहे हैं। इसमें प्राधिकरण का विस्तार तिगरी और हाईवे के आस पास गंगा किनारे तक किया जाएगा। मास्टर प्लान लागू हो जाने से 5113 हेक्टेयर भूमि विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी। जिस पर स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पार्क आदि बनाए जाएंगे। वीसी ने बताया कि मास्टर प्लान जल्द लागू हो सकता है।

गंगा किनारे बसेगी कॉलोनी

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण तिगरी से लेकर अमरोहा जिले की सीमा में ब्रजघाट गंगा तक विकास करेगा। जिससे गंगा किनारे कॉलोनी बनाई जाएंगी तो स्कूल एवं कॉलेज भी खोले जाएंगे। अस्पताल भी बनेंगे। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होगी। सेटलर, धर्मशाला आदि बनाए जाएंगे। रोड बन जाने पर गंगा किनारे बाहर के लोग आएंगे। जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

पूर्व सांसद ने पुल के लिए लिखा पत्र

गजरौला। गगन और खेत के लोगों के सहय की औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों का आवागमन सुलभ कराने के लिए नहीं खाने हाईवे पर राम सेतु बनाया जाएगा। उद्यमियों की तरफ से पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर से फैसल पहले पुल बनवाने व इनको पीछे कराने व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से प्रतिनिधि मंडल मिलवाने की मांग की। चाहरा अनुसूचित सीमें के जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम सिंह मेहलावे के लोगों के साथ वहीं से मांग उठा रहे हैं। अमर उजाला में 26 फरवरी के अंक में खबर प्रकाशित होने पर उद्यमियों की उम्मीद को पंख लगे। उन्होंने पूर्व सांसद को खबर की कटिंग भेज उनकी मांग को विलिन गडकरी तक पहुंचाने की मांग की। संवाद

हसनपुर के मंगरौला गांव के पास खरीदी जाएगी 139 हेक्टेयर भूमि, शासन को भेजा प्रस्ताव

औद्योगिक गलियारे के लिए 178 करोड़ से जमीन खरीदेगा प्रशासन

जागरण संवाददाता, अमरोहा: गंगा एक्सप्रेस-वे पर औद्योगिक ग्रीन फील्ड गलियारा बनाने के लिए प्रशासन 178 करोड़ रुपये से जमीन खरीदेगा। यह गलियारा हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मंगरौला के पास बनेगा। इसके लिए 139 हेक्टेयर जमीन खरीदी जाएगी। प्रशासन ने जमीन चिह्नित कर ली है। सर्किल रेट से चार गुना दाम पर किसानों की जमीन की खरीद जाएगी। प्रशासन ने धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है और धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की है। जैसे ही धनराशि मिलेगी वैसे ही जमीन खरीद का कार्य शुरू करने की बात अधिकारी कह रहे हैं।

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य चल रहा है। यह एक्सप्रेस-वे 12 जनपदों मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ व प्रयागराज से होकर गुजरेगा। इसकी लंबाई 594 किलो मीटर होगी। इसमें 18 जगह टी-प्वाइंट बनाए जाएंगे। जहां से वाहन एक्सप्रेस-वे पर चढ़ेंगे और उतरेंगे। जनपद में गढ़ गंगा के पास मंगरौला में गंगा एक्सप्रेस-वे पर काम करता कुतुबेला ● पत्रकार फोटो



टी-प्वाइंट के पास ही औद्योगिक गलियारा बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन का चयन कर लिया गया है और शासन को प्रस्ताव भेजकर धनराशि की मांग की गई है। जैसे ही धनराशि मिलेगी वैसे ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

अनिल कुमार श्रीवास्तव, विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी

गांव मंगरौला में बन रहा है। शासन ने गंगा एक्सप्रेस-वे का भरपूर उपयोग करने के लिए टी-प्वाइंट पर औद्योगिक ग्रीन फील्ड गलियारा बनाने के निर्देश दिए हैं। इस पर जनपद में अफसरों ने अमल शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह के आदेश मिलते ही अधिकारियों ने मंगरौला में जमीन की तलाश की है। उसका मुआयना भी कर लिया गया है। इसे 178 करोड़ रुपये से खरीदने के लिए प्रशासन ने प्रस्ताव बनाया है और उसको शासन के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है। इसके मंजूर होने और धनराशि मिलने पर किसानों के चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू होगी। उसके बाद जमीन के अधिग्रहण होगा। औद्योगिक गलियारे को प्रशासन विकसित करेगा। इसके बाद सरकार अगला कदम उठाएगी। बहरहाल, इसके बनने से क्षेत्र के लगभग युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

ब्रजघाट में 700 बीघा जमीन में बनेगा रिसोर्ट, विलेज टूरिज्म और ईको पार्क

संवाद न्यूज एजेंसी

हापुड़। ब्रजघाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बाद लगातार निवेशकों के प्रस्ताव जिला उद्योग केंद्र को मिल रहे हैं। शुक्रवार तक गढ़ गंगा ब्रजघाट क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए कुल 563 करोड़ के प्रस्ताव मिल चुके हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शुक्रवार को 132 करोड़ का प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद के उद्यमियों ने ब्रजघाट के पास स्थित उनकी 700 बीघा भूमि में रिसोर्ट, विलेज टूरिज्म और ईको पार्क बनाने का प्रस्ताव दिया है।

हाल ही में पर्यटन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक बैठक में उद्यमियों को गंगा किनारे निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया था। बड़ी बात है कि 27 दिसंबर को

गंगा किनारे उद्योगों की स्थापना के लिए 563 करोड़ के मिले प्रस्ताव



ब्रजघाट स्थित घंटाघर। संवाद

आयोजित इस बैठक के तीन दिन बाद ही जिला उद्योग केंद्र को 563 करोड़ के प्रस्ताव मिल चुके हैं। जिनमें 125 करोड़ का प्रस्ताव पसवाड़ा होटल

> ब्रजघाट क्षेत्र के लिए काफी संख्या में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। शुक्रवार को मिले 132 करोड़ के 700 बीघा भूमि में रिसोर्ट, विलेज टूरिज्म और ईको पार्क के लिए उन्होंने भूमि का निरीक्षण किया, जो पर्यटन की दृष्टि से काफी उपयुक्त है। **-शैलेंद्र सिंह,** उपायुक्त उद्योग।

एंड रिसोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, 100 करोड़ का प्रस्ताव एसएमसी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, 10 करोड़ का प्रस्ताव राज योगा एंड रिचर्स सेंटर व 32 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव अर्जुन सिंहल द्वारा रिसोर्ट एवं विलेज टूरिज्म के लिए दिया गया था। शुक्रवार को 132 करोड़ का प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद के उद्यमियों ने ब्रजघाट के पास उनकी 700 बीघा भूमि में रिसोर्ट, ईको पार्क बनाने का प्रस्ताव दिया है।

गजरौला-गढ़ के बीच बसेंगी दो स्मार्ट सिटी

हिन्दुस्तान
एक्सक्लूसिव

हापुड़ | मुदित त्यागी

नमामि गंगे योजना के तहत गढ़-ब्रजघाट को हरिद्वार से बेहतर सिटी बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। गढ़-ब्रजघाट के अलावा गजरौला के तिगरी और हापुड़ की सीमा के मध्य नहर के बीच में दो सिटी बसाए जाने की परियोजना पर प्लान बन रहा है। चार हजार करोड़ की लागत से बनाए जा रहे प्लान में महायोजना 2021 के अन्तर्गत सिंचाई विभाग ने एचपीडीए को भी शामिल किया है। जल्द ही योजना पर कार्य शुरू हो जाएगा।

शुक्रवार को एचपीडीए के मीटिंग हॉल में सिंचाई विभाग और प्राधिकरण के अभियंताओं की मीटिंग हुई, जिसमें हरिद्वार से बेहतर बनाए जाने के लिए यूपी के मिनी हरिद्वार को बेहतर स्वरूप दिलाए जाने पर प्लान तैयार किया गया। योजना को तीन जोन में विभाजित किया गया। इसमें अमरोहा के गजरौला अन्तर्गत तिगरी से गढ़-ब्रजघाट के बीच भूमि चिह्नित करने पर भी मंत्रणा हुई। सिंचाई विभाग द्वारा तैयार किए गए चार हजार करोड़ के प्लान में तिगरी और गढ़-ब्रजघाट के बीच दो स्मार्ट सिटी बसाई जाएंगी। क्योंकि गढ़ और ब्रजघाट को बढ़ाए जाने के लिए स्थान नहीं है, जिस कारण नए शहर बसाकर विकास कराने की योजना तैयार की गई है।

तिगरी से निकली नहर को गढ़ से घुमाकर पहुंचाया जाएगा गंगा तक : जानकारी के अनुसार तिगरी गंगा से एक नहर निकाली जाएगी, जो गढ़ गंगा मंदिर से होकर फिर गंगा में पहुंचाई जाएगी। योजना में हरिद्वार की तरह नहर के दोनों तरफ पक्के घाटों का निर्माण होगा, जिसपर दोनों तरफ सड़क और प्रत्येक दो सौ मीटर पर फुटपाथ बनाए जाएंगे। इसके बीच ही दो पुलों का निर्माण होगा, जिसपर आवागमन होगा।

हरिद्वार से बेहतर बन जाएगी धर्मनगरी : प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आरके सिंह का मानना है कि गढ़-ब्रजघाट में 25 करोड़ की लागत से विकास कराया जा रहा है, जिसमें ब्रजघाट के स्नानघाट समेत अन्य कई काम कराए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग द्वारा तैयार किए गए चार हजार करोड़ के प्लान में तिगरी से नहर निकालकर उसके बीच में दो सिटी बसाई जाएंगी। हरिद्वार से बेहतर स्वरुप दिया जाएगा। गंगा पर दो पुलों का निर्माण और दो सौ मीटर पर फुटपाथ का प्लान है। सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ प्राधिकरण के अभियंता भी प्लान पर काम कर रहे हैं।

नहर के बीच में बसेंगे दो शहर

सिंचाई विभाग और प्राधिकरण की परियोजना में गजरौला तिगरी से शुरू होने वाली नहर को जब गढ़ लाकर गंगा तक पहुंचाया जाएगा तो उसके बीच में खाली भूमि आ जाएगी, जिसमें दो सिटी बसाई जाएंगी। इसमें प्राधिकरण पूरी सुविधाएं दिलाएगा। बताया गया है कि नहर और गजरौला, ब्रजघाट और गढ़ के बीच बची चार हजार हेक्टेयर और 27 हेक्टेयर में दो सिटी बसाई जाएंगी।

मलेशिया से आएगी टीम

गढ़-ब्रजघाट में चार हजार करोड़ पर काम शुरू होने से पहले मलेशिया से एक टीम आएगी। मलेशिया से टीम आकर योजना को असली जामा पहनाने के लिए दिशा निर्देश जारी करेगी।

- हरिद्वार से बेहतर धर्म नगरी बनाए जाने की कवायद शुरू
- चार हजार और 27 हजार हेक्टेयर में बसेंगी दो सिटी
- गंगा पर बनाए जाएंगे दो पुल, दो सौ मीटर अंतराल पर बनेंगे परिक्रमा मार्ग

डीएम ने दिए गंगा की स्वच्छता के निर्देश



हापुड़(मनस्वी वाणी)। डीएम मेधा रूपम व सीडीओ प्रेरणा सिंह ने जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण व वृक्षारोपण समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर गंगा व पर्यावरण की स्वच्छता के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गंगा में गंदगी न डाली जाए इसके लिए गंगा पुल के साथ नाविकों व श्रद्धालुओं पर नजर रखे। गंगा में गंदा पानी या अन्य किसी तरह की गंदगी न डाली जाए। पॉलिथीन का इस्तेमाल न हो। इसके अलावा जनपद में वृक्षारोपण को बढ़ावा दे कही भी पेड़ों का अवैध कटान न होना चाहिए। इसके अलावा प्रदूषण फैलाने वाली इकाईयों पर कार्रवाई करे। एनजीटी के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। बैठक में तीनों समिति से जुड़ अधिकारी, पर्यावरणविद् भारत भूषण गर्ग समेत काफी लोग मौजूद थे।

गंगा किनारे में 272 करोड़ रुपये से बनेंगे होटल, रिजोर्ट



हापुड़(मनस्वी वाणी)। शासन द्वारा हरिद्वार की तर्ज पर ब्रजघाट तीर्थ नगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए उद्यमियों ने अपनी रूचि दिखानी शुरू कर दी है। प्रशासन को गढ़मुक्तेश्वर-ब्रजघाट गंगा किनारे 272 करोड़ रू होटल, रिजोर्ट आदि बनाने का प्रस्ताव मिला है। जल्द ही इन प्रस्तावों को संबंधित विभागों द्वारा स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र के मुताबिक 272 करोड़ के प्रस्ताव में पसवाडा में होटल एंड रिजोर्ट प्रा.लि. 100 करोड़ का प्रस्ताव एसएमसी प्रा.लि. का, 10 करोड़ का प्रस्ताव योगा व रिसर्च सैंटर द्वारा 32 करोड़ का प्रस्ताव, 32 करोड़ का प्रस्ताव अर्जुन सिंघल रिजोर्ट एंड टूरिज्म विलेज के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इन प्रस्तावों को जल्द ही सभी विभागों द्वारा पास कराने के लिए काम जल्द शुरू करा दिया जाएगा। वही पर्यटन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार गढ़-ब्रजघाट का विकास प्राथमिकता में है। इसे पर्यटन स्थल और टूरिज्म के रूप में विकसित करने के लिए वाइल्ड लाइफ, डीलिफन वॉच सैंटर, बोटिंग, धार्मिक आयोजन के लिए स्थान, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस घाट निर्माण का डिजाइन, गेस्ट हाउस, होटल और प्राथमिक प्रस्ताव बनाने की कवायद शुरू की गई है।

उम्मीदें 2023: जिले के लोगों को मिलेंगी सौगातें

हापुड़। 11 साल पहले 28 सितंबर 2011 को हापुड़ को जनपद की सौगात मिली। वर्ष 2017 में सत्ता परिवर्तन के बाद हापुड़ विकास की राह पर दौड़ पड़ा। वर्ष 2022 में भी जनपद को पुलिस लाइन, खेल स्टेडियम, हाईटेक नर्सरी, जिला जेल जैसी सौगात को मंजूरी मिल चुकी है। अब 2023 में कई सौगातों का इंतजार है।



जिलेवासियों को 2023 में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। गढ़मुक्तेश्वर को ग्रामुखा से पर्यटन स्थल बनाएंगे। -मेधा रूपम, डीएम



2023 में खेल स्टेडियम, हाईटेक नर्सरी, पार्क बायोडायवर्सिटी आदि की सौगात मिलने जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कई प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। ये जल्द शुरू होंगे। -प्रेरणा सिंह, सीडीओ



2023 में भाईचारा कायम करना है। अपने क्षेत्र में विकास की रफ्तार को तेज करना है। नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। -धानिश अली, अमरोहा गढ़मुक्तेश्वर सांसद



सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने, शिक्षा के स्तर को सुधारने और सड़कों को बेहतर करने पर काम किया जाएगा। -विजयपाल सिंह, विधायक हापुड़



जनपद की पुलिस लाइन, जिला जेल की सौगात मिलेगी। व्यापारियों, महिलाओं और आमजनों की सुरक्षा के कई प्रयास किए जाएंगे। 112 के रेस्पोंस टाइम को बेहतर करेंगे। -दीपक भूकर, एसपी



2023 में हापुड़ विकास की राह पर दौड़ेगा। इस साल धौरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र को हापुड़ में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा। इंडस्ट्री कॉरिडोर का निर्माण को सीएम से बातें की जाएगी। -राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद मेरठ



निजामपुर और हापुड़ के बीच औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कराने की मांग होगी। धौलाना और पिलखुवा के बीच आईटी हब विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। -सुमैया तोमर, भाजपा विधायक धौलाना



गढ़मुक्तेश्वर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। कई सौ करोड़ की परियोजना लाकर हरिद्वार की तर्ज पर विकास करेंगे। लगातार प्रयास जारी है। -हरेन्द्र तेवतिया, विधायक

गढ़मुक्तेश्वर समेत सात स्टेशनों का पर्यटन मंत्रालय करेगा विकास

मुरादाबाद मंडल के रेलवे और पर्यटन अधिकारियों की प्रस्ताव पारित

जागरण विशेष

गौरव तर्रा • हापुड़

पौराणिक नगरी के नाम से विख्यात गढ़मुक्तेश्वर के रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने का जिम्मा अब पर्यटन मंत्रालय ने उठाया है। मुरादाबाद मंडल के कुल सात स्टेशनों को पर्यटन मंत्रालय श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित करेगा।

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित एक विशेष बैठक में रेलवे और पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों के बीच इस योजना पर सहमति बनी है। दोनों विभागों के अधिकारियों के बीच हुए करार के अनुसार इस योजना के अंतर्गत विकसित किए जाने वाले सात स्टेशनों के विकास में रेलवे केवल दस प्रतिशत धनराशि खर्च करेगा। जबकि 90 प्रतिशत धनराशि पर्यटन मंत्रालय खर्च करेगा।

पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्यटन मंत्रालय की ओर से योजना तैयार की गई है। देशभर में चल रही योजना के तहत मुरादाबाद रेल मंडल के सात स्टेशनों का चयन किया गया है। इन स्टेशनों में गढ़मुक्तेश्वर भी शामिल है। इन स्टेशनों पर पर्यटकों के लिए एक विशेष लॉज बनाया जाएगा। इसमें यात्रियों के बैठने, दैनिक कार्य संपन्न करने की सुविधा के साथ-साथ मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। लॉज का प्रयोग करने के लिए पांच रुपये से 15 रुपये तक खर्च करने होंगे। इस योजना के तहत प्रथम चरण में देहरादून स्टेशन को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा दिव्यांग पर्यटकों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ऐतिहासिक स्टेशन के भवनों में कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। विशेष महत्व वाले स्टेशन की सभी जानकारी यात्रियों को उपलब्ध कराए जाने का प्रबंध भी किया जाएगा। इस फैसले के बाद स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है लोगों को रोजगार मिलेगा व दूर-दूर से आने वाले लोगों के जहन में पर्यटन अपनी छाप छोड़ेगा।



गढ़ के रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार

इन स्टेशनों का किया गया है चयन

पर्यटन मंत्रालय द्वारा मुरादाबाद मंडल के जिन सात स्टेशनों का चयन किया गया है। उनमें गढ़मुक्तेश्वर के अलावा राजघाट, देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, सीतापुर और बालामऊ के बीच स्थित मिसरिख और नैमीषारण्य का चयन किया गया है।

गढ़ कार्तिक मेले को मिल चुका है राज्य के मानचित्र में स्थान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ महीनों पहले ही गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले को राज्य के मानचित्र में स्थान देने की घोषणा कर चुके हैं। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि गढ़मुक्तेश्वर स्टेशन का चयन इसलिए किया गया है।

मंगलवार को देहरादून में आयोजित बैठक में उनके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। बैठक में सात स्टेशनों पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा विकास करने की सहमति बनी है। सबसे पहले देहरादून स्टेशन को विकसित करने के लिए काम शुरू किया जाएगा। उसके बाद शेष स्टेशनों को विकसित किया जाएगा।

-विवेक शर्मा, प्रबंधक मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुरादाबाद।

500 करोड़ रुपये से होगा गढ़मुक्तेश्वर का विकास

तेवरी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

प्रदेश के मुख्य सचिव राजीव कुमार ने निर्देश दिया है कि हापुड़ स्थित गढ़मुक्तेश्वर का हर की पैड़ीकी तर्ज पर विकास करने के लिए विस्तृत डीपीआर जल्द बनाकर पेश की जाए। यहां इको टूरिज्म व एडवेंचर टूरिज्म को विकसित कर रिवर राफ्टिंग व बोटिंग की सुविधायें पर्यटकों को उपलब्ध करायी जाएं।

उन्होंने निर्देश दिये कि प्रस्तावित 500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के अनुसार कराये जाने वाले कार्यों का नियमानुसार परीक्षण कराया जाए। मुख्य सचिव ने यह निर्देश शुक्रवार को यहां गढ़मुक्तेश्वर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए दिये जा रहे प्रस्तुतीकरण के समय दिये। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गंगा नदी के दोनों किनारों पर स्नानघाट बनाये जाएं। उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प एवं कलाओं को बढ़ावा देने के लिए क्राफ्ट बाजार, क्राफ्ट म्यूजियम का निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत करने को भी कहा।

सें में
क पांच
ौत

ण्डा-फैजाबाद
र को दोपहर
पट कम्पनी के
मने-सामने की
टसे में फैजाबाद
समेत पांच लोगों
इतनी जबदस्त
के दरवाजों को
निकालना पड़ा।
ाबाद के पूरा
ईपारा के मजरे
श दूबे कार से
वजीरगंज के
म आ रहे थे।

सहकारी चीनी
खर्च होगी ज

लखनऊ। प्रदेश
चीनी मिलों की
और चीनी मिल
कार्यक्रमों पर ज्या
के निर्देश दिए हैं
दिये गए हैं ताकि
चीनी मिलों में और
हो सके। प्रमुख स
गन्ना विकास
बताया कि सहका
में गन्ने का प्रजाती
मिलों का औसत
मिलों की अपेक्षा

कार्या

Tele-0291-2

अगरोहा

उत्तर रेलवे